2022/29
(Ucem)

फर्द अहकाम
(नियम–26)

अदालत उपखण्ड अधिकारी घड़साना

प्रार्थना पत्र धारा 131 व 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 बाबत रास्ता

17.01.22	राजस्व (ग्रुप–6) विभाग के परिपत्र क्रमांक प 3 (2) राज–6/2003/पार्ट जयपुर, दिनांक 10.08.2016 की पालना में तहसील घड़साना के पत्रांक राजस्व/2021/111 दिनांक 06.01.2022 द्वारा आवागमन हेतु सार्वजनिक उपयोग में आ रहे रास्तों का राजस्व अभिलेख में स्थाई अंकन करने राजस्व ग्राम 2 जीडी–ए ग्राम पंचायत 2 जीडी–बी पटवार मण्डल 2 जीडी–बी भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त नई मण्डी घड़साना तहसील घड़साना में प्रचलित रास्ते का राजस्व रिकॉर्ड में स्थाई अंकन हेतु प्रस्ताव मय राजस्व रिकॉर्ड एवं नक्शा प्राप्त हुआ है। मुताबिक रिकॉर्ड यह रास्ता अनूपगढ़–बीकानेर मुख्य सड़क से चक 2 जीडी–ए की भूमि प.नं. 65/27 किला नं. 24/2 से होते हुए किला नं. 25 में स्वीकृतशुदा रास्ता तक जाता है। रास्ता काफी वर्षों से प्रचलित है एवं कदीमी है। यह रास्ता उक्त खसरा नम्बरों में मौके पर चालू है। लेकिन रास्ते का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन नहीं है। रास्ते की चौड़ाई 16 फुट है। प्रस्तावित रास्ते को नक्शा ट्रेस में लाल स्याही से दर्शाया गया है। राजस्व रिकॉर्ड में उक्त रास्ते की किस्म गै.मु. रास्ता दर्ज करने एवं लाल स्याही से अंकन करने के आदेश जारी करने हेतु प्रस्तावित किया गया है। उक्त प्रस्तावित रकबा अब्दुल शकूर पुत्र गाजी जाति मुसलमान साकिन 2 जीडी–ए खातेदार दर्ज रिकॉर्ड है एवं उक्त खातेदार द्वारा उपस्थित होकर राजस्व रिकॉर्ड में रास्ता स्वीकृत करने की सहमति भी दी गई है जिसकी पहचान स्वयं तहसीलदार घड़साना द्वारा की गई है तथा खातेदार द्वारा शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया है। पत्रावली व प्रस्तुत राजस्व रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 व 132 तथा राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 66 एवं 86 के प्रावधानानुसार के अनुसार तहसीलदार घड़साना के द्वारा अभिशंसित संलग्न प्रस्ताव अनुसार राजस्व अभिलेख व नक्शा ट्रेस में दर्ज खातेदार की	अब्दुल शकूर Identified (sign) (S/MUM) TDR

(हस्ताक्षर)
उपखण्ड अधिकारी
घडसाना

खातेदारी भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को गैर मुमकिन रास्ते के रूप में दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता है। संलग्न प्रस्ताव व नक्शा ट्रेस के अनुसार ग्राम 2 जीडी ए ग्राम पंचायत 2 जीडी–बी पटवार मण्डल 2 जीडी–बी भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त नई मण्डी घड़साना तहसील घड़साना की भूमि चक 2 जीडी–ए का प.नं. 65/27 किला नं. 24/2 कुल 0.0046 हैक्टेयर भूमि का राजस्व अभिलेख में जरिये नामान्तकरण रास्ता पृथक से दर्ज करते हुए रास्ते के रकबे की किस्म गैर मुमकिन रास्ता दर्ज किया जावे एवं प्रस्तावित नक्शे अनुसार नक्शे में तरमीम की जावे। गैर मुमकिन रास्ते की भूमि संबंधित खातेदार के खाते में ही रहेगी एवं तहसीलदार घड़साना द्वारा भेजा गया प्रस्ताव व नक्शा ट्रेस आदेश का भाग रहेगा, तदानुसार राजस्व अभिलेख में अमलदरामद हेतु तहसीलदार घड़साना को तहरीर जारी की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

उपखण्ड अधिकारी
घड़साना